





नवभारत
भोपाल, शनिवार 9 अगस्त, 2025


# बाजार में राखियों की रही रौनक

## कटरा बाजार में खरीददारों की भीड़ के चलते तिपहिया और चार पहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहा

नवभारत न्यूज

**सागर 8 अगस्त. रक्षाबंधन पर्व की पूर्व संध्या पर आज शहर के कटरा बाजार में खरीददारों की जमकर भीड़ उमड़ पड़ी. जिसके चलते ही पुलिस प्रशासन द्वारा आज और कल नगर के प्रमुख बाजार में तिपहिया और चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया था.**

राखी बाजार में परंपरागत राखियों से लेकर आधुनिक डिजाइनों की राखियां दुकानों पर सजी रहीं तो वहीं बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर वाली लाइटिंग के साथ राखियां मौजूद रहीं तो युवाओं के लिए डिजाइनर राखियां आकर्षण का केंद्र रहीं. चांदी, मोती, जरी और कढ़ाई वाली राखियों की भी अच्छी खासी मांग रही है. राखी बाजार के साथ-साथ मिष्ठान और उपहार की दुकानों पर भी खरीददार बड़ी संख्या में पहुंचे. साथ ही रेडिमेड कपड़ों की दुकानों पर भी खरीददारी जमकर देखने को मिली है.



भाई-बहन के स्नेह के प्रतीक रक्षाबंधन पर्व कल शनिवार को परंपरागत तरीके से मनाया जायेगा. बहने-भाईयों को टीका लगाकर हाथों पर रंग-बिरंगी राखियां सजायेंगी. तो वहीं भाई बहन की रक्षा के संकल्प के साथ उपहार स्वरुप सामग्री भेंट करेंगे. रक्षाबंधन के एक दिन पूर्व जैन मंदिरों में रक्षासूत्र साधर्मी बंधुओं ने बांधे.

कल शनिवार को जैन मंदिरों में रक्षाबंधन विधान का आयोजन भी किया जा रहा है.

**रहली.** रक्षाबंधन पर्व के चलते बाजार में व्यापारियों ने आठ दिन पहले राखी की दुकाने लगाईं थी. लेकिन ग्राहकी का अभाव रहा एक दिन पहले दोपहर बाद से ही राखी और मिठाई कपड़ा खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी. पुलिस और नगर पालिका की स्पेशल टीम बेरीकेट्स लगाकर भीड़ को नियंत्रित कर रही ताकि किसी भी नागरिक को ज्यादा परेशान ना होना पड़े. कोई दुर्घटना ना हो, इसके लिये थाना क्षेत्र से गांधी चौक तक बड़े वाहनों को पूर्णतया प्रतिबंधित किया गया. पूरी जिम्मेदारी के साथ भीड़ को नियंत्रित कर रही ताकि किसी भी नागरिक को ज्यादा परेशान ना होना पड़े कोई दुर्घटना ना हो इसके लिये थाना क्षेत्र से गांधी चौक तक बड़े वाहनों को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया.

## अनुपस्थित 10 शिक्षकों के वेतन काटने के निर्देश

**सागर.** डीईओ अरविंद जैन ने सांदीपनि विद्यालय बांदरी का निरीक्षण किया. उन्होंने निर्देश दिए कि 15 अगस्त तक नए भवन में कक्षाएं संचालित करें जिससे कि शिक्षण कार्य विधिवत संचालित हो सके. उन्होंने पाली रैयतवाड़ी हाईस्कूल का भी निरीक्षण किया. जहां माध्यमिक शिक्षक श्रीमती शाहीन एजाज सहित सहित समस्त शिक्षक मौजूद थे एवं शिक्षण कार्य करते पाए गए. शासकीय उमावि. रजवांस के नरीक्षण के दौरान 26 शिक्षकों में से 10 शिक्षक एवं 7 अतिथि शिक्षक अनुपस्थित पाये गए. संजीव जैन, भारती कबीर पंथी, रामनरेश सिंह ठाकुर, ब्रजेश कुमार प्रजापति, सुभाष जैन, प्रतिभा राजपूत, सुनीता अहिरवार, शशिकांत पाठक, प्रहलाद अहिरवार, रामकुंअर नामदेव अनुपस्थित पाए गए.

# गर्ल्स कॉलेज में सम्मान समारोह का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सागर 8 अगस्त. शासकीय स्वशासी कन्या उत्कृष्ट महाविद्यालय में डॉक्टर नीरज दुबे के अतिरिक्त संचालक बनने के उपलक्ष्य में तथा डॉ आरके गोस्वामी के विशेष कर्तव्यस्त अधिकारी के रूप में क्षेत्रीय कार्यालय सागर संभाग सागर में कार्यभार ग्रहण करने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया.**

सम्मान समारोह श्रीमती मनीषा मिश्रा महाविद्यालय जन भागीदारी समिति अध्यक्ष के मुख्य आथित्य में संपन्न हुआ. प्राचार्य डॉ आनंद तिवारी श्रीमती मनीषा मिश्रा, विनय मिश्रा प्रासुक जैन ने डॉ. नीरज दुबे एवं डॉ आरके गोस्वामी का सम्मान किया. डॉ तिवारी ने कहा आप दोनों की जोड़ी अपने प्रयासों से सागर संभागके उच्च शिक्षा विभाग में नए प्रतिमान गढ़ सकती है.



श्रीमती मनीषा मिश्रा ने कहा नेतृत्व क्षमता से विलक्षण परिणाम प्राप्त होंगे. डॉ नीरज दुबे ने कहा सागर संभाग के ऐसे महाविद्यालय जहां मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है में उनके लिए आवश्यक प्रयास करुंगा. अतिरिक्त संचालक कार्यालय प्रत्येक अधिकारी के लिए है, आपकी हर समस्या का समाधान करने का प्रयास करुंगा. डॉ गोस्वामी ने कहा आपके ही विचार हमारे नवाचार का आधार होंगे. सागर संभाग के क्षेत्रीय कार्यालय को हम एक आदर्श कार्यालय बनाने का प्रयास करेंगे. कार्यक्रम का संचालन डॉ अंजना चतुर्वेदी ने किया. आभार डॉ संजय खरे माना. इस दौरान प्रतिमा, खटीक, डॉ. अरविंद बाहरी, डॉ. संजय खरे, पदमा आचार्य, डॉ दीपक खटीक, डॉ सुनीता त्रिपाठी एवं महाविद्यालय के समस्त विभागों द्वारा अधिकारी द्वारा सम्मान किया गया. कार्यक्रम में डॉ. अंसारी, डॉ. बिंदु श्रीवास्तव, डॉ. निशा इंद्र गुरु, डॉ. रश्मि मलैया, डॉ रश्मि दुबे एवं महाविद्यालय परिवार उपस्थित थे.

## एक नजर में



### शिशु मंदिर में राखी पर कार्यशाला

**रहली.** सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत अनुउपयोगी सामान के द्वारा स्वनिर्मित राखी पर माताओं की कार्यशाला हुई. कार्यशाला में राखी बनाना सिखाया गया एवं प्रतियोगिता का आयोजन हुआ. मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष देवराज सोनी एवं पार्षद अमित नायक द्वारा पुरस्कृत किया गया. शिक्षा शर्मा ने प्रथम, कृतिका यादव, द्वितीय और बसंती लोधी ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया.



### परसोरिया में तिरंगा यात्रा का आयोजन

**सागर.** ग्राम परसौरिया में पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग एवं ग्राम पंचायत के तत्वावधान में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया. रैली का नेतृत्व थाना सानौधा प्रभारी निरीक्षक भरत सिंह ठाकुर ने किया. इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसोरिया के प्राचार्य श्री सक्सैना एवं स्टाफ भी तिरंगा यात्रा में शामिल हुआ. विद्यालय के छात्र-छात्राएँ हाथों में तिरंगा लहराते हुए राष्ट्रभक्ति के नारों के साथ रैली में सम्मिलित हुए.



### जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता

**सागर.** जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन लिटिल स्टार शैलेष मेमोरियल स्कूल मकरोनिया मे किया गया. प्रतियोगिता का शुभांरंभ मुख्य अतिथि महोदय क्रीड़ा अधिकारी महेश अहिरवार द्वारा किया गया. डीपीएस के डायरेक्टर इंजी. ऋतुल सराफ एवं प्राचार्य जिजीश जोसफ ने प्रतिभागियों में उमंग का संचार किया. प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग 14 से 19 वर्ष के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया. प्रतियोगिता में 65-70 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिय .क्रीड़ा अधिकारी शशांक श्रीवास मौजूद थे.



### साहू समाज ने प्रदेशाध्यक्ष का सम्मान किया

**राहतगढ़.** मप्र तैलिक साहू राठौर महासभा की प्रदेश अध्यक्ष भावना साहू के इंदौर से सागर जाते समय विदिशा तिराहा पर ब्लॉक साहू समाज ने सम्मान किया. उन्होंने आगामी 24 अगस्त को इंदौर में आयोजित प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में सभी को आमंत्रित किया. जिलाध्यक्ष शैलेंद्र साहू ने प्रारंभिक जिला कार्यकारिणी एवं ब्लॉक, नगर, ग्राम अध्यक्ष को मनोनीत किया गया. इस दौरान देवेंद्र साहू, मुरारीलाल साहू, शैलेंद्र साहू, रमेश साहू, नंदलाल साहू, रघुनाथ साहू, अशोक साहू, सीताराम साहू, श्याम साहू, लीलाधर साहू, सुरेश, पवन, रामस्वरूप, परीक्षित, संकेत, तेजसिंह साहू आदि मौजूद थे.

### आवेदनों पर आपत्तियां बुलाई गईं

**सागर.** महिला एवं बाल विकास परियोजना सागर शहरी 2 अंतर्गत कार्यकर्ता के 3 एवं सहायिका के 9 पद रिक्त थे जिनपर एमपी ऑनलाईन के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए गए. एसडीएम की अध्यक्षता में खंड स्तरीय समीति की बैठक में एमपी ऑनलाईन से प्राप्त आवेदनों के परीक्षण एवं अवलोकन उपरांत आवेदिकाओं का चयन अंतरिम रूप से किया गया है, जिन आवेदिकाओं को अंतरिम चयन पर आपत्ति है, वह आगामी 7 दिवस के अंदर एमपी आनलाईन के पोर्टल के माध्यम से आनलाइन आपत्तियां दर्ज करा सकती है.

# मिष्ठान के नमूने जांच हेतु लिए गए

नवभारत न्यूज

**सागर 8 अगस्त. खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा आगामी त्यौहार को दृष्टिगत खाद्य पदार्थों मावा, मिठाई, नमकीन, सेलिब्रेशन पैक आदि में मिलावट की रोकथाम एवं नागरिकों को गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थ प्राप्त हो हेतु अभियान प्रारंभ किया है.**

जांच दल द्वारा चलित प्रयोगशाला के माध्यम से खाद्य पदार्थों की प्राथमिक जांच की गई खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा फर्म मयूरी रेस्टोरेंट, मेन बस स्टेंड से मगद लड्डू का नमूना जांच हेतु लिया गया तथा दुकान पर अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य पदार्थों का निर्माण एवं विक्रय किये जाने पर मयूरी रेस्टोरेंट को सीलबंद किया गया. टीम द्वारा बस स्टेंड पर स्थित रामाश्रम भोजनालय से पिस्ता फिंगर का नमूना, श्री होटल से इमरती, सिविल लाईन स्थित नटराज स्वीट्स से मावा चमचम, बेसन सेब, रसगुल्ला, केसरिया पेड़ा, राजस्थान मिष्ठान से कलाकंद बर्फी, मलाई पेड़ा के नमूने, कान्हा बेकर्स से मोतीचूर लड्डू, सरस चर्की, बंगाली मिष्ठान से नारियल की बर्फी के नमूने लिये गये. मकरोनिया स्थित नंदरानी से छैना मलाई के नमूने लिये गए.

# कानीखेड़ी में मारपीट करने वालों पर कार्रवाई नहीं

नवभारत न्यूज

**शाहगढ़ 8 अगस्त. बराज उपथाना क्षेत्र अंतर्गत कानीखेड़ी ग्राम में पूरन प्रजापति के घर मे घुसकर मारपीट करने एवं बराज पुलिस द्वारा शिकायत दर्ज नही करने का मामला सामने आया है.**

जानकारी में पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि जब उसके खेत मे घुसी भैसों को भगाकर उसका लड़का घर आ रहा था तभी ग्राम के प्रकाश लोधी, पुष्पेंद्र लोधी एवं रामसिंह लोधी सहित अन्य लोग आए और लड़के को गाली गलौच करने लगे तब मैंने गाली देने के लिए मना किया तो मेरे साथ झीनाझपटी करने लगे एवं मेरे घर मे घुसकर मारपीट करने लगे जिसमे मुझे एवं मेरी बहु सहित परिवार के अन्य लोगो को चोटें भी आई है. बराज पुलिस चौकी शिकायत दर्ज कराने गया तो उन्होंने शिकायत दर्ज कर ली. लेकिन मेडिकल जांच नही कराई थी.



शिकायत करने पीड़ित व्यक्ति परिवार सहित सागर पहुंचा. जहा कलेक्टर, आईजी एवं एसपी कार्यालय में शिकायती आवेदन दिया है. उसके बाद भी कोई कार्यवाही नही हुई. जिससे मारपीट करने वाले उक्त लोगो के हौसले बुलंद है एवं अभी भी गाली-गलौज कर रहे है एवं परिवार के बच्चे स्कूल नही जा पा रहे है. पुलिस चौकी प्रभारी से मिली जानकारी अनुसार पीड़ित व्यक्ति की शिकायत दर्ज कर ली गई है तस्दीक करने के बाद 155 पर रिपोर्ट दर्ज की थी जो भी होगा कार्यवाही करेंगे.

## तहसील प्रभारी बने पवन

**सागर.** विश्व हिंदू परिषद के पूर्व नगर मंत्री एवं पूर्व जिला सेवा प्रमुख पवन तिवारी को परशुराम कल्याण बोर्ड का तहसील प्रभारी नियुक्त किया गया है. परशुराम कल्याण बोर्ड की बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया. बोर्ड के संभाग प्रभारी संजीव दुबे एवं जिला प्रभारी मधुसूदन खेमरिया की अनुसंसा पर श्री तिवारी को जिम्मेदारी प्रदान की गई है. उनकी नियुक्ति पर एकता खेमरिया,बसंत श्रीवास्तव, प्रेम शंकर दुबे, मनोज चंदेल, विकास श्रीवास्तव,सुरेश विश्वकर्मा, भूपेंद्र विश्वकर्मा, मोहित अग्रवाल सचिन चंदेल सहित शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं दी हैं.



# राग-रंग संवाद में कलाओं का जीवंत संवाद

नवभारत न्यूज

**सागर 8 अगस्त.डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के ललित कला एवं प्रदर्शनकारी कला विभाग में एक अद्वितीय और बहुआयामी सांस्कृतिक आयोजन रागरंग संवाद का आयोजन हुआ.**

कार्यक्रम का केंद्र विषय था ध्वनि से दृश्य तक- रंगमंच और चित्रकला में शास्त्रीय संगीत की अनुक्रिया जिसे प्रतिष्ठित शास्त्रीय गायक पियूष दीक्षित ने नाट्यशास्त्र, ध्रुपद और ख्याल के शास्त्रीय और समकालीन परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत किया. कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसमें विभागाध्यक्ष डॉ. बलवंत सिंह भदौरिया, अकादमिक निदेशक प्रो. नवीन कानगो, डॉ. अवधेश सिंह तोमर एवं डॉ. राहुल स्वर्णकार, डॉ. नीरज उपाध्याय और आकाश मालवीय मौजूद थे. संचालन डॉ. नीरज उपाध्याय, आकाश मालवीय ने किया.



संगीत सत्र में हेमेन्द्र राजपूत तबला और स्तुति खम्परिया हार्मोनियम की संगत ने प्रस्तुति को गहराई दी. कार्यक्रम में शिक्षकगण डॉ. राकेश सोनी, डॉ. दिवाकर झा, डॉ. सुप्रभा दास, अल्ताफ मुलानी, डॉ विवेक जायसवाल सहित अनेक शोधार्थी, छात्र-छात्राएँ एवं कलाप्रेमी उपस्थित रहे.

## राखी मेकिंग स्पर्धा

**गौरझामर.** संस्कार इंटरनेशनल स्कूल में राखी मेकिंग कॉम्पटीशन का आयोजन किया गया. कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया. रंग-बिरंगी धागों, मोतियों, सितारों और चमकीले कागजों से सजी राखियाँ बच्चों ने स्वयं अपने हाथों से तैयार कीं. छात्राओं ने स्वयं उन राखियों को छात्रों को बाँधा, जिससे पूरे माहौल में भाई-बहन के पवित्र रिश्ते की झलक दिखाई दी. छात्रों ने बहनों से राखी बंधवाकर उनकी रक्षा का वचन दिया. विद्यालय की प्रधानाचार्य ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को न केवल हमारी परंपराओं से जोड़ते हैं.

# भाजपा के शासनकाल में आदिवासियों पर अत्याचार बढ़ा

नवभारत न्यूज

**सागर 8 अगस्त. पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमकार सिंह मरकाम ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में आदिवासियों पर अन्याय और अत्याचार बढ़ा है. आदिवासी आज अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं. सरकार सुरक्षा देने में नाकाम रही है.**

श्री मरकाम आज जिले के मालथौन में आदिवासी नीलेश की मौत के बाद कांग्रेस द्वारा गठित जांच दल के साथ पहुंचे और पत्रकारों से चर्चा के दौरान उन्होने कहा कि मृतक नीलेश आदिवासी ने 25 जुलाई को डर और भय के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी. जांच दल में शामिल घनश्याम सिंह, मनोज कपूर ने मृतक की पत्नी रेवा बाई से घटना के संबंध में विस्तार से जानकारी एकत्रित की.

श्री मरकाम ने बताया कि परिजनों के अनुसार जमीन से कब्जा दिलाने के नाम पर थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराने में शामिल लोगों ने दूसरों के नाम दर्ज करा दिए. जिसको लेकर उसने रिपोर्ट वापिस ले ली थी.



# हत्या के आरोपियों को पकड़ा जाए

नवभारत न्यूज

**बीना 8 अगस्त. शहर के समस्त शिक्षकों ने एकत्रित होकर शिक्षक राम प्रसाद बबेले के पुत्र की जघन्य हत्या करने वालों को सजा देने को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम विजय डेहरिया एवं विधायक निर्मला सप्रे को ज्ञापन सौंपा.**

उन्होंने उल्लेख किया कि शिक्षक रामप्रमोद बबेले के इकलौते पुत्र संस्कार बबेले, जो कि इंदौर में एलएलबी का छात्र था. भोपाल के कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा जिनका उसे क्षेत्र में आतंक है, चाकू मारकर निर्मम हत्या कर दी गई. संस्कार बबेले के साथी अनमोल दुबे पर भी प्राणघातक हमला कर दिया, घटना के तीन दिन बाद भी सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है. इस दौरान अल्पना विनायक, केके जैन, मनोज ताम्रकार, अजय सिंह ठाकुर, प्रवेश सिंह, संजय तिवारी, अशोक कुमार अहिरवार, एनके जाटव, नंदकिशोर अहिरवार, केके जैन आदि उपस्थित थे.

## रक्षाबंधन विधान आज

**सागर.** बाहुबली कॉलोनी में रक्षाबंधन पर्व पर मुनिश्री विमल सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में दो दिवसीय के रक्षा बंधन विधान अंतिम दिन 9 अगस्त को 300 अर्घ चढ़ेगे. मुकेश जैन ढाना ने बताया कि वात्सल्य पर्व धर्म आयतनो एवं साधु संतो की रक्षा हेतु श्रावक मनाते हैं और श्रीफल समर्पित कर अर्घ चढाते है. शनिवार को सुबह 6 बजे से विधान शुरू होगा. पहले दिन में लगभग 6000 श्रीफल चढ़ाए गए. उल्लेखनीय है कि वात्सल्य पर्व रक्षाबंधन के दिन 700 मुनि महाराजो पर उपसर्ग आया था पूरे देश में श्रद्धालु श्रीफल चढ़ाकर संकल्पित होते हैं. आज शनिवार को 15000 श्रीफल चढ़ाए जाएंगे. रविवार 10 अगस्त को सुबह 7.30 बजे मुनि संघ का बाहुबली कॉलोनी से विहार वर्णी कॉलोनी की ओर हो जाएगा.


# संस्कारों से ही संस्कृति सुरक्षित रहेगी

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 8 अगस्त. जैन अटा मंदिर में धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए आचार्य निर्भयसागर महाराज ने कहा संस्कृति में देश सुरक्षित रहेगा जहां संस्कार रहेगे वही संस्कृति कायम रहेगी. संस्कृति के संवाहक संत है और भक्त को संत ही भगवंत का मार्ग बताते हैं.**

आचार्य श्री ने कहा संत से जुडा हुआ व्यक्ति कभी अन्याय नहीं कर सकता और न ही अधर्म. उन्होने मानव शरीर को वास्तु से बना घर बताया जिसमें आत्मा रूपी परमात्मा रहता है. उन्होंने कहा पहला सुख निरोगी काया दूसरा सुख घर में माया तीसरा सुख कुलवंती नारी चौथा सुख पुत्र हो आज्ञाकारी की सूक्ति का अनुसरण करने के लिए श्रावकों को सीख दी. धर्मसभा का शुभारंभ मंगलाचरण द्वारा अनीता मोदी एवं पदमा धनगौल ने किया. पादप्रक्षालन एवं शास्त्र भेंट राजेन्द्र जैन, रवीन्द्र दिवाकर, पत्रकार राहुल जैन, अनंत सराफ, अजय जैन अजय बरया मनोज जैन, हितेन्द्र वडघरिया, अभिषेक अनौरा, शैलेश जैन ने किया.

## द्वादश ज्योतिर्लिंग की शोभायात्रा निकाली गई



**ललितपुर.** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में राजयोगिनी बीके चित्ररेखा दीदी के सानिध्य में सावन मास पर द्वादश ज्योतिर्लिंग की शोभायात्रा निकाली गई. सभी ने शिव जी के बारह ज्योतिर्लिंग की झांकी के दर्शन किए. साथ ही साथ भगवान शिव की सदैव रक्षा बनी रहे, हमे सत्य ज्ञान देने वाले एवं बुराईयों से रक्षा करने वाले परमपिता शिव परमात्मा है. क्योंकि वह हमारे तन की, मन की, प्रकृति की, परिवार की, राष्ट्र की एवं सतीत्व की रक्षा कर हम सभी को समाज में एक नई पहचान देते हैं. कार्यक्रम मेंमहामंडलेश्वर चंडीपीठाधीश्वराचार्य स्वामी चंदेश्वर गिरी महाराज, राजयोगिनी बीके मायारानी, प्रीति बहन, प्रियंका बहन, निशा बहन, शिवानी बहन, विद्यासागर भाई, कुंजबिहारी उपाध्याय, एड. कैलाश नारायण भाई मौजूद रहे.

# प्रमं आवास में 1 लाख 80 हजार की ब्याज सब्सिडी

नवभारत न्यूज

**सागर 8 अगस्त. निगमायुक्त आयुक्त राजकुमार खत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 इंटरेस्ट सब्सिडी स्कीम अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र के आवासहीन पात्र नागरिकों को आवास उपलब्ध कराने के लिए सभी बैंक अधिकारियों की बैठक ली.**

बैठक में निगमायुक्त ने बैंक अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 इंटरेस्ट सब्सिडी स्कीम के अंतर्गत ऐसे परिवार जिनकी वार्षिक आय ईडब्ल्यूएस आवास के लिए 3 लाख रुपए,एल आई जी आवास के लिए 6 लाख रुपए एवं एम आईं जी आवास के लिए 9 लाख रुपए है उन्हें योजना का लाभ दिया जाएगा.योजना के पात्र हितग्राहियों को शासन द्वारा अधिकतम 1 लाख 80 हजार रुपए ब्याज सब्सिडी का लाभ दिया जाएगा. निगमायुक्त ने बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को अगस्त माह में दिया जाए तथा इंटरेस्ट सब्सिडी स्कीम के बारे में जानकारी दें. बैठक में एस.एस बघेल, विजय दुबे, संजय तिवारी सहित अधिकारी उपस्थित थे.



# आवारा पशुओं की सुरक्षा के चलते रेडियम बेल्ट पहना रहे

नवभारत न्यूज

**सागर 8 अगस्त. नगर परिषद शाहपुर में युवा नेता एवं गौसेवक राजवीर सिंह ठाकुर ने नगर के मुख्य मार्गों पर लावारिस अवस्था में विचरण कर रहे गोवंश की सुरक्षा के लिए उन्हें रेडियम बेल्ट पहनाने का कार्य किया.**

इस पहल का उद्देश्य रात के समय सड़क पर घूमते इन गोवंश को वाहन चालकों द्वारा दूर से ही देखा जा सके, जिससे दुर्घटनाओं से सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके. नगर की सड़कों पर रात्रिकालीन समय में अनेक लावारिस गोवंश घूमते हैं, जो न केवल अपने लिए बल्कि राहगीरों और वाहन चालकों के लिए भी खतरा बन सकते हैं. इस कार्य में संजू पटेल, रणवीर ठाकुर, प्रभात ठाकुर, प्रशांत ठाकुर, करण, रूपराम, राज, आशीष पटैल एवं रामजी ने भी भाग लिया.




## निविदा सूचना

आपको सूचित किया जाता है कि संस्था सांदीपनी ( C.M. RISE )शा.उ.मा. विद्यालय बांदरी में एनसीसी ( N.C.C.)कैडेटों को परेडों के समय स्वल्पाहार प्रदान किया जाता है। अतः इच्छुक सप्लायर अपने फर्म का नाम, टिन नंबर या जीएसटी एवं बैंक खाता नंबर के साथ दिनांक 14.08.2025 सायंकाल 5 बजे तक संस्था सांदीपनी शा.उ.मा. विद्यालय बांदरी में संपर्क करें। एवं इसके साथ वह अपना कोटेनशन फार्म भी साथ ही लायें।

आदेशानुसार
प्राचार्य
सांदीपनी शा.उ.मा.
विद्यालय बांदरी विकासखंड
मालथौन जिला सागर म.प्र.


## सागर मौसम

अधिकतम 28.8 (+1)
न्यूनतम 24.4 (+2)
आर्द्रता : सुबह/शाम : 86/80